हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

बिलासपुर, गुरूवार, 14 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने नवीन उपजेल सक्ती का किया निरीक्षण
4




## खबर संक्षेप

### अकलतरा एवं तनौद लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर आज

**जांजगीर-चांपा।** सुशासन तिहार अंतर्गत 14 मई को नगर पालिका अकलतरा के कुंवर भुवन भास्कर प्राथमिक एवं माध्यमिक वि वार्ड 12 एवं जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत तनौद के हाई स्कूल तनौद में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर पालिका अकलतरा के शिविर में वार्ड 11 से 20 कुल 10 वार्ड शामिल होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत तनौद में कुल 20 ग्राम पंचायत तनौद, ससहा, खरखोद, मुड़पार चु., चुरतेला, मेंकरी, भुईगांव, कमरीद, खरगहनी, खोरसी, देवरी, पंड़रिया, खोखरी, कोडाभाट, रसौटा, सिर्री, हिर्री, धनगांव, डोंगाकोहरौद, भिलौनी ग्राम पंचायत शामिल होंगे।

### जल संरक्षण के साथ रोजगार के मिलेंगे अवसर

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पामगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत भवतरा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत नया तालाब नवा तरिया अर्थात नए तालाब का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। ग्रामीण श्रमिक नियमित रूप से तालाब निर्माण कार्य में जुटे हुए हैं। वर्तमान में श्रमिक प्रतिदिन कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में एवं जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिले में पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नए तालाबों के निर्माण और पुराने तालाबों के पुनरुद्धार का कार्य किया जा रहा है।

### महतारी वंदन ई केवाईसी अपडेट कराने महिलाओं की बड़ी परेशानी

**जांजगीर-चांपा।** महतारी वंदन योजना के अंतर्गत ई केवाईसी अपडेट क राने महिलाओं को ग्राम पंचायत सहित अन्य स्थानों पर काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। खासकर अधेड़ उम्र की महिलाओं का फिंगरप्रिंट मशीन में अपग्रेड नहीं हो पा रहा है। ऐसे में कई जरूरतमंद महिलाओं को योजना के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। महतारी वंदन योजना के तहत जांजगीर-चांपा जिले में 2 लाख 10 हजार से भी अधिक महिलाओं को निर्धारित पात्रता के अनुसार हर महीने 1 हजार रुपए की राशि शासन द्वारा प्रदान की जा रही है सालाना उन्हें 12 हजार की राशि उनके बैंक खातों के माध्यम से प्रदान की जा रही है। खास बात यह है कि ई केवाईसी अपग्रेड को लेकर कई महिलाओं का फिंगरप्रिंट मशीन में अपग्रेड नहीं हो पा रहा है। इस तरह की समस्या बलौदा अकलतरा पामगढ़ नवागढ़ समेत अन्य विकासखंड के ग्राम पंचायत में देखने को मिल रही है।

### साराडीह बैराज पाइपलाइन विस्तार पर एनटीपीसी लारा की जनसुनवाई



**जांजगीर-चांपा।** एनटीपीसी लिमिटेड की लारा सुपर थर्मल पावर परियोजना के स्टेज-3 (2x800 मेगावाट) विस्तार हेतु साराडीह बैराज से प्रस्तावित पाइपलाइन परियोजना के लिए बुधवार को पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी लोक जनसुनवाई आयोजित की गई। क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण मंडल, बिलासपुर द्वारा आयोजित यह जनसुनवाई तहसील डभरा के ग्राम साराडीह स्थित पंचायत भवन के समीप रिक्त मैदान में संपन्न हुआ। जनसुनवाई में 45 लोगों ने मौखिक रूप से अपना अभिमत रखा, जबकि 23 लोगों ने लिखित सुझाव एवं आपत्तियां प्रस्तुत की। इधर, प्रभावित गांवों के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि जनसुनवाई की पूर्व सूचना पंचायतों एवं ग्रामीणों को नहीं दी गई, जिससे लोग अपनी बात प्रभावी ढंग से नहीं रख पाए। ग्रामीणों ने जनसुनवाई निरस्त कर पुनः आयोजित करने की मांग की है।

## जांजगीर के सीमावर्ती और सक्ती के अधिकांश पेट्रोल पंपों में स्टाक खत्म, जहां मिल रहा वहां पर भी लिमिट तय

# होने लगी डीजल की किल्लत, अधिकांश पंप ड्राई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खाड़ी देशों में छिडी जंग का असर अब पेट्रोल पंप में नजर आने लगा है। वर्तमान में जांजगीर चांपा और सक्ती जिले के अधिकांश पेट्रोल पंपों में डीजल की किल्लत अब शुरू हो गई है। कई जगहों पर पेट्रोल की भी कमी होने लगी है। इधर डीजल की किल्लत होने से ट्रांसपोर्ट व्यवसायी परेशान नजर आने लगे है। इसके साथ ही स्टाक कम होने को लेकर वितरण की लिमिट भी निर्धारित की गई है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा और सक्ती जिले के अधिकांश पेट्रोल पंप में पिछले तीन चार दिनों से डीजल की सप्लाई बहुत कम हो गई है। खपत के अनुरूप डिपो से डीजल की सप्लाई नहीं होने पर अधिकांश पेट्रोल पंप ड्राई हो गए है, जहां डीजल का स्टाक है भी वे भी नियमित सप्लाई नहीं होते देख बिक्री में लिमिट निर्धारित कर रहे है। बताया जाता है कि डीजल की सर्वाधिक किल्लत इन दिनों रबी फसल लगने वाले क्षेत्रों में ज्यादा हो रही है। जांजगीर और सक्ती जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में संचालित बिर्रा, हसौद, छपोरा, डभरा, जैजैपुर क्षेत्र के पेट्रोल पंप में पूरे दिन डीजल की किल्लत रही। यहां ट्रैक्टर व हार्वेस्टर संचालकों की कतारें लगी रही। डीजल नहीं मिलने के कारण क्षेत्र के गांवों में फसल काटने वाले अधिकांश हार्वेस्टर खड़े हो गए। इसी तरह जिले के शिवरीनारायण, खैरताल, कटौद, केरा, बलौदा, अकलतरा क्षेत्र के भी अधिकांश पेट्रोप पंप में डीजल की कमी बताई जा रही है। इसके अलावा जहां डीजल है वहां पर गाडियों में ही डीजल डालने की सख्ती कर दी गई है। कैन में डीजल नहीं दिया जा रहा है। जिससे कृषि उपकरण रखने वाले ज्यादा परेशान हो रहे है।



डीजल नहीं होने पर पेट्रोल पंप में छाई विरानी।

### कीमत और सप्लाई को लेकर लोगों में हड़बड़ीः मेमन

छत्तीसगढ़ पेट्रोल पम्प डीलर एसोसिशन के प्रदेश प्रवक्ता टिंकू मेमन का कहना है कि खाड़ी देश के युद्ध से ये हालात बन रहे हैं। डीजल की शार्ट सप्लाई हो रही है और लिमिट तय कर दी गई है। हालात को देखकर लोगों को हड़बड़ी हो गई है। पेट्रोल और डीजल का रेट नहीं बढ़ने से ऑयल कम्पनियो को नुकसान हो रहा है। रेट बढ़ने और सप्लाई ठप होने के डर से ट्रांसपोर्टर और परिवहन कारोबारी स्टॉक करना चाह रहे हैं।

**नहीं हो रही नियमित सप्लाई**-पेट्रोल पंप संचालकों की माने तो पिछले कुछ दिनों से डीजल की नियमित सप्लाई नहीं हो पा रही है। सूत्रों के मुताबिक डीजल, पेट्रोल के रेट में संभावित वृद्धि को लेकर इस तरह की स्थिति निर्मित हो रही है। बताया जाता है कि जिन पेट्रोल पंप संचालकों के पास स्वयं का टैंकर है तो वे किसी तरह डिपो से अपनी गाड़ी में डीजल ले जाते है, लेकिन जिनके पास स्वयं का टैंकर है, उनके यहां कई कई दिनों तक सप्लाई बाधित हो रही है।

### नहीं होनी चाहिए कमी

जांजगीर चांपा जिले में डीजल पेट्रोल की कमी नहीं होनी चाहिए। कुछ जगहों पर सप्लाई नहीं होने के कारण डीजल नहीं मिल रहा होगा। बाकी जगहों पर स्टाक है। वैसे डिब्बों में पेट्रोलियम पदार्थो की सप्लाई पर रोक लगाई गई है। इस संबंध में और जानकारी ली जाएगी।

-कौशल साहू,
जिला खाद्य अधिकारी, जांजगीर

# मोदी की अपील का असर, बस में एक साथ पहुंचे कलेक्टर-एसपी और अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

प्रधानमंत्री की राष्ट्रीय अपील पर सक्ती जिला प्रशासन ने अनूठी पहल की। सुशासन तिहार में कलेक्टर और एसपी के साथ ही अन्य अफसर एक बस में सवार होकर पहुंचे। अधिकारियों ने मोदी की अपील पर अमल करते हुए लोगों को अहम संदेश दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम एशिया संकट के चलते उत्पन्न वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बीच सादगी अपनाने और संसाधनों के बेहतर उपयोग की गई राष्ट्रीय अपील का सकारात्मक प्रभाव अब प्रशासनिक कार्यशैली में भी देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में सक्ती जिला प्रशासन ने एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल करते हुए सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में बस का उपयोग किया। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने व्यक्तिगत वाहनों के बजाय सामूहिक रूप से बस से सफर कर जनसेवा, सादगी और समन्वय का संदेश दिया।



बस में एक साथ सवार करते कलेक्टर, एसपी व अफसर।

जनपद पंचायत मालखरौदा अंतर्गत ग्राम छपोरा में आयोजित समाधान शिविर में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी एक साथ बस में सवार होकर पहुंचे। प्रशासन की इस पहल से ग्रामीणों के बीच सकारात्मक संदेश गया और शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ। अधिकारियों ने आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण के निर्देश भी दिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। अधिकारियों के सामूहिक रूप से बस से पहुंचने से समय और संसाधनों की बचत के साथ-साथ टीम भावना और आपसी समन्वय को भी बढ़ावा मिला। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने प्रशासन की इस सादगीपूर्ण पहल की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।

# खनिज के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, 5 हाईवा व 7 ट्रैक्टर जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खनिज के अवैध परिवहन पर रोक लगाने संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। खनिज विभाग के साथ ही राजस्व और पुलिस की टीम ने 12 वाहनों को पकड़ा है। अवैध परिवहन करते पकड़े गए 5 हाइवा और 7 ट्रैक्टर को जब्त कर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने हेतु राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न क्षेत्रों में औचक जांच अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध परिवहन में संलिप्त 5 हाईवा एवं 7 ट्रैक्टर जब्त किया गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि केवा नवापारा क्षेत्र में जांच के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 4 हाईवा वाहन जब्त कर पुलिस लाइन खोखरा एवं चांपा थाना में सुरक्षार्थ रखा गया। इसी प्रकार तहसील बलौदा अंतर्गत केराकछार क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 हाईवा वाहन जब्त कर थाना पंतोरा में सुरक्षित रखा गया। इसके अतिरिक्त 2 ट्रैक्टर गिट्टी एवं 1 ट्रैक्टर ईंट का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर बलौदा थाना के सुपुर्द किया गया। रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करते हुए 1 ट्रैक्टर भी जब्त किया गया। वहीं तहसील बम्हनीडीह क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान ईंट का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 3 ट्रैक्टर जब्त कर थाना बम्हनीडीह की अभिरक्षा में सौंपा गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि आगे भी निरंतर जांच व कार्यवाही जारी रहेगी।

### डीएपी की जगह अन्य वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग करे किसान

**जांजगीर-चांपा।** खरीफ की मुख्यतः फसल धान की अच्छी पैदावार के लिए यूरिया, डी.ए.पी., सुपर फॉस्फेट, पोटॉश, एन.पी.के. का संतुलित मात्रा में उपयोग करना बहुत जरूरी है। वर्तमान में डी.ए.पी. के दूसरे देशों से आयात पर निर्भरता से होने वाली डी.ए.पी की कमी को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों को डी.ए.पी. के स्थान पर अन्य दूसरे उपलब्ध वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी जा रही है। डीडीए राकेश शर्मा ने बताया कि 1 बोरी डी.ए.पी. के स्थान पर 3 बोरी एस.एस.पी. और 20-25 कि.ग्रा. यूरिया या 1.5 बोरी एन.पी.के. (12:32:16) का उपयोग या 2 बोरी अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट (20:20:0:13) या 1 बोरी टी.एस.पी. और 2 बोतल नैनो यूरिया 500 का उपयोग कर सकते है।

### आंधी से गिरे पेड़, बिजली सप्लाई ठप...



**सक्ती।** बुधवार की शाम मौसम का मिजाज बदला। सक्ती नगर मे तेज हवा एव बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। कई जगह पर पेड़ टूटकर गिरे। जिससे बिजली सप्लाई बाधित हो गई।

### एसपी ने पेश की मानवता की मिसाल, घायल को पहुंचाया अस्पताल

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय कन्या महाविद्यालय जांजगीर मेन रोड पर एक मोटरसाइकिल चालक 13 मई को दोपहर लगभग 2:15 बजे सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। घटना के समय जांजगीर-चांपा की प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल मौके से गुजर रही थीं। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने तत्काल मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए घायल व्यक्ति की सहायता की। उन्होंने बिना समय गंवाए घायल युवक को स्वयं अपने शासकीय वाहन में बैठाकर जिला अस्पताल जांजगीर पहुंचाया तथा उचित उपचार हेतु भर्ती कराया और डाक्टर को घायल के समुचित इलाज के निर्देश भी दिए।

# महिला संबंधी अपराधों का 60 दिन के भीतर निराकरण करने आईजी ने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महिला सुरक्षा और लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए बिलासपुर आईजी रामगोपाल गर्ग ने रेंज स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने एक माह में पुराने प्रकरण शून्य करने का लक्ष्य दिया। साथ ही महिला संबंधी अपराधों में 60 दिवस के भीतर निराकरण के सख्त हिदायत दिए।

बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने 13 मई को रेंज के सभी जिले के पुलिस अधीक्षक की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक द्वारा लंबित आपराधिक प्रकरणों को विशेष अभियान चला कर निकाल करने निर्देशित किया गया। आईजी श्री गर्ग ने स्पष्ट निर्देश दिए कि एक वर्ष से अधिक पुराने लंबित प्रकरणों का विशेष अभियान चलाकर निराकरण किया जाए। पुलिस महानिरीक्षक ने पुराने लंबित प्रकरणों को आगामी 1 माह के भीतर शून्य करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लंबित गंभीर अपराधों लूट, डकैती, धोखाधड़ी, अपहरण और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराधों की राजपत्रित अधिकारियों के माध्यम से प्रकरणवार समीक्षा कर अविलंब चालान न्यायालय में पेश करने, फरार आरोपियों की धरपकड़ फरार आरोपियों की समीक्षा कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी कर चालान न्यायालय में पेश करने निर्देश दिए गए। आईजी ने महिला सुरक्षा को पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए महिला संबंधी अपराधों के त्वरित न्याय के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए। साथ ही आईटीएसएसओ के तहत महिला संबंधी अपराधों में 60 दिन के भीतर निराकरण करने की सख्त हिदायत दी। वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक में जांजगीर चांपा एसपी निवेदिता पाल और सक्ती एसपी प्रफुल्ल ठाकुर भी उपस्थित रहे।



बैठक लेकर दिशा निर्देश देते आईजी

## शासकीय उमा कन्या विद्यालय सिवनी में सामूहिक शादी का आयोजन

# कन्या विवाह योजनाः 33 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सिवनी चांपा में 33 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में बंध गए। इस दौरान उन्हें योजना के तहत प्रत्येक नवदंपति को शासन द्वारा निर्धारित सहायता राशि उनके खातों में प्रदान की गई तथा विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय सिवनी च के प्रांगण में सामुहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि समारोह में कुल 33 जोड़ों का विवाह पारम्परिक रीति-रिवाज और पूर्ण विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। इसमें परियोजना बम्हनीडीह के 17 जोड़े और परियोजना बलौदा के 16 जोड़े शामिल हुए। समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को उनके आगामी सुखद दांपत्य जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। योजना के तहत प्रत्येक नवदंपति को शासन द्वारा निर्धारित सहायता राशि उनके खातों में प्रदान की गई तथा विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, जनपद पंचायत अध्यक्ष बलौदा श्रीमती शारदा मदन देवांगन, जनपद पंचायत सदस्य चूड़ामणि राठौर, श्रीमती द्रोपती उमाशंकर साहू, श्रीमती कृष्णा कुमारी, गोविंद राठौर, जगभवानी देवांगन, श्रीमती ललिता यादव, मनमोहन देवांगन, रामाधीन राठौर, प्रमोद देवांगन, अनिकेत पाण्डेय, सेवा यादव, लखन कुंभकार, रामकृष्ण लाठू, मुनीराम बरेठ, जितेन्द्र पटेल, पन्नालाल राठौर, मनोज राठौर, रामरतन राठौर, भगवत देवांगन, मोहर साय, गजानंद देवांगन सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी वर वधु के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।



नवजोडे दंपत्ति के साथ अतिथिगण।

# 30 लीटर कच्ची महुआ एवं 20 पाव देशी प्लेन शराब के साथ 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

तीस लीटर अवैध शराब कच्ची महुआ शराब एवं बीस पाव देशी प्लेन शराब के साथ 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना एवं अकलतरा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब एवं 20 पाव देशी प्लेन शराब के साथ अलग अलग जगहों से 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम परसाहीनाला निवासी गोकुल यादव भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है। अलकतरा पुलिस टीम द्वारा गवाहों के समक्ष आरोपी गोकुल यादव उम्र 20 साल निवासी परसाहीनाला थाना अकलतरा को रेड कार्यवाही कर घेराबंदी कर पकड़ा जिसके कब्जे से 20 लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया है। थाना चांपा पुलिस द्वारा आरोपी रूपेश गुप्ता निवासी रेलवे कॉलोनी के पीछे कैलाश नगर चापा के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 20 पाव देशी प्लेन शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त बाइक को बरामद किया है। कार्रवाई में थाना अकलतरा से निरीक्षक भास्कर शर्मा, उपनिरीक्षक बाबूलाल कोसरिया, आरक्षक महेंद्र राज, शेषणारायण साहू का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### सिकल सेल रोग जांच हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**कोरबा।** स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से जिले में 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं समय पर रोग की पहचान के उद्देश्य से बाल मधुमेह ( टाईप-1 डायबिटीज) एवं सिकल सेल रोग (एससीडी) स्क्रीनिंग हेतु 18 मई को रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा एवं 20 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बच्चों की स्वास्थ्य जाँच, परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी ने जिले के सभी अभिभावकों से अनुरोध किया है कि अपने बच्चों को समय पर शिविर में लाकर स्वास्थ्य परीक्षण करवाएं एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

### नदी में नहाने गया युवक डूबा, तलाश जारी, एक युवती का मिला शव



**कोरबा।** जिले के कुसमुंडा थाना क्षेत्र में डूबने की दो अलग अलग घटना सामने आयी है। जहां अहिरन नदी में डूबकर एक युवक लापता हो गया है जिसकी खोजबीन की जा रही है। जबकि एक 24 वर्षीय युवती का शव नदी से बरामद किया गया है और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर अहिरन नदी में नहाने उतरे कुछ युवकों में से एक युवक के बह जाने की खबर से क्षेत्र ने हड़कंप मच गया है। मंगलवार की दोपहर एसईसीएल कुसमुंडा में कार्यरत डंफर ऑपरेटर निर्मल सिंह ठाकुर का पुत्र निखिल सिंह अपने दोस्तों के साथ विकास नगर आईबीपी क्षेत्र के एनटीपीसी रेल्वे पुल के नीचे अहिरन नदी में नहाने गया हुआ था। निखिल सिंह के दोस्त ऊंचाई से कूदकर नदी में नहा रहे थे जिसे देखकर निखिल भी ऊंचाई से कूदकर नहाने का मन हुआ और दोस्तों के साथ ऊंचाई में जाकर नदी में छलांग लगा दी, उसके दोस्त तैरकर नदी की दूसरी ओर निकल गए लेकिन निखिल नदी में छलांग लगाने के बाद गहरे पानी में चला और उपर नहीं आ सका। जिसके बाद निखिल के दोस्त उसे खोजने का काफी प्रयास किया लेकिन निखिल का कुछ भी पता नहीं चल सका। जिसके बाद निखिल के दोस्तों ने उसके घर में सूचना दी। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से निखिल का तलाश किया गया जो अब तक नहीं मिल पाया है। इसी तरह दूसरी घटना भी कुसमुंडा थाना क्षेत्र की है। ग्राम खमरिया वैशाली नगर से लापता हुई एक 24 वर्षीय निर्मला यादव का शव मंगलवार की सुबह अहिरन नदी में मिला। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार को निर्मला यादव के परिजनों ने उसके गुम होने की सूचना थाना में दर्ज करायी थी। पुलिस गुम इंसान दर्ज कर निर्मला यादव की खोजबीन की जा रही थी। इस बीच मंगलवार की सुबह ग्राम खम्हरिया से लगे पाली खोड़री बसावट के पीछे अहिरन नदी में युवती का शव देखा गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने शव को निर्मला यादव होने की पुष्टि कर शव को पीएम कराकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दी है। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर युवक की मौत

**कोरबा।** दोस्त का जन्मदिन मनाकर 31 वर्षीय युवक मोटरसाइकिल से अपने घर देर रात को लौट रहा था। इस दौरान उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और सड़क पर गिर गया। गिरने से युवक के सिर पर गंभीर चोट लगी थी जिससे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया था। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत भवानी मंदिर जोगियाडेरा निवासी ओकेश्वर यादव उम्र 30 वर्ष पिता गोपाल यादव सोमवार की रात्रि अपने दोस्त दुलारी पटेल का जन्मदिन मनाने के लिए अपने घर से कोहड़िया की ओर आया हुआ था जहां देर रात लगभग 11 बजे ओकेश्वर यादव अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर वापस अपने घर लौट रहा था कि भवानी मंदिर के समय पहुंचा था कि उसकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई और वह मोटरसाइकिल से सड़क में जा गिरा।

नगर पालिका जांजगीर-नैला एवं ग्राम पंचायत परसाही नाला में जनसमस्या निवारण शिविर

# सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



हितग्राहियों को चेक का वितरण करते अतिथि।

जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जन समस्या समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज नगर पालिका जांजगीर-नैला के सांस्कृतिक भवन कचहरी चौक में एवं जनपद पंचायत अकलतरा के ग्राम पंचायत परसाही (नाला) के पू.मा.शाला परसाही में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया।

इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अतिथियों ने अवलोकन किया और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को शिविर के माध्यम से योजनाओं से लाभांवित किया गया। साथ ही जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा नागरिकों मांग एवं समस्याएं से संबंधित आवेदन भी लिए गये। ग्राम पंचायत परसाही (नाला) में आयोजित शिविर में कुल 561 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमे 540 मांग एवं 21 शिकायत से संबंधित है। शिविर में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को सामग्री एवं चेक वितरित कर लाभान्वित किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर में जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इसी के तहत नगर पालिका अकलतरा एवं ग्राम पंचायत में तनौद में 14 मई को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन रखा गया है। सुशासन तिहार अंतर्गत 14 मई को नगर पालिका अकलतरा के कुंवर भुवन भास्कर प्राथमिक एवं माध्यमिक वि वार्ड 12 एवं जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत तनौद के हाई स्कूल तनौद में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर पालिका अकलतरा के शिविर में वार्ड 11 से 20 कुल 10 वार्ड शामिल होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम पंचायत तनौद में कुल 20 ग्राम पंचायत तनौद, ससहा, खरखोद, मुड़पार चु., चुरतेला, मेंकरी, भुईगांव, कमरीद, खरगहनी, खोरसी, देवरी, पंड़रिया, खोखरी, कोडाभाट, रसौटा, सिर्री, हिर्री, धनगांव, डोंगाकोहरौद, भिलौनी ग्राम पंचायत शामिल होंगे।

# रामलला दर्शन के लिए 36 श्रद्धालुओं का दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

अयोध्या स्थित श्रीराम लला दर्शन के लिए 36 श्रद्धालुओं का दल रवाना हुआ है। इन्हें अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रारंभ की गई श्री रामलला दर्शन (अयोध्याधाम) योजना के अंतर्गत प्रदेश सहित जिले के श्रद्धालुओं को निःशुल्क अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला के दर्शन का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को सक्ती जिले से 36 श्रद्धालुओं के दल को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में कचहरी चौक सक्ती से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल की उपस्थिति में आज कचहरी चौक से श्रद्धालुओं के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस योजना के अंतर्गत विशेष ट्रेन द्वारा प्रत्येक जिले से चयनित श्रद्धालुओं को सुविधाजनक यात्रा कराई जा रही है। श्रद्धालुओं ने इस विशेष अवसर के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस योजना से उनका प्रभु श्री राम के दर्शन का आजीवन सपना साकार हो रहा है। इस अवसर पर तीर्थ यात्रा शाखा प्रभारी ने बताया कि तीर्थ यात्रा हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी राज कुमार पटेल के साथ सक्ती, डभरा, मालखरौदा और जैजैपुर विकासखंड से श्रद्धालुओ का दल दर्शनार्थ प्रस्थान किए है।श्रद्धालुजन अपने आराध्य प्रभु श्री राम लला के दर्शन की आकांक्षा लिए उत्साह से रवाना हुए तथा जय श्री राम, जय अयोध्या धाम का उद्घोष करते नजर आए।




# जिला चिकित्सालय का संचालन करने में नर्सों की अहम भूमिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

तर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गयाः जिला चिकित्सालय जांजगीर में 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस जिला चिकित्सालय में जिला चिकित्सालय की सभी नर्सों के द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया गया।

इस कार्यक्रम में कोरोना जैसे कठिन समय में जिन नर्सों ने पूरी निष्ठा और बहादुरी के साथ अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए अपनी सेवा दी , उनका सम्मान बुके एवं पुष्प माला पहना कर,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनीता श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि डॉ सेब्रेनियन कुजूर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन उमा वर्मा, आकांक्षा साहू, ने किया। अनीता श्रीवास्तव ने बताया कि कैसे आप सभी नर्सों ने कोरोना जैसी महामारी में उन गंभीर परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा से अपनी सेवा अपना पूरा सहयोग दिया। चिकित्सालय को को सफल पूर्वक चलाने में कैसे नर्सों की भूमिका को अहम माना गया है, उन्होंने कहा कि किसी भी चिकित्सालय की बैकबोन उस चिकित्सालय की नर्सेस होती है, जो पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ मरीजों की सेवा करती हैं। आज के इस कार्यक्रम में सीनियर नर्स सीमा सैमुअल, नर्मदा गोयल मुख्य रूप से उपस्थित रही।

# मठ के मोहतरा बाड़ा का होगा जीर्णोद्धार, राजेश्री ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

मोहतरा ग्राम में श्री शिवरीनारायण मठ के बाड़ा निर्माण का भूमि पूजनग्राम वासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। निर्माण पूरा हो जाने से

**खास बात**

- सांस्कृतिक, सामाजिक व आध्यात्मिक कार्यो के लिए आएगा काम


बाडा जीर्णोद्वार के लिए भूमिपूजन करते राजेश्री महंत।

आम नागरिकों को सुविधा मिलेगा। श्री शिवरीनारायण मठ के ग्राम मोहतरा में बाड़ा के जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त महाराज के अतिरिक्त मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य एवं ग्रामवासी तथा क्षेत्र से आए हुए लोग काफी संख्या में सम्मिलित हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 मई को दोपहर 12 से 1 बजे के बीच भूमि- पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए राजेश्री महन्त ने कहा कि श्री शिवरीनारायण मठ के अन्य गांवों की तरह इस गांव में भी पूर्वाचार्यों ने बाड़ा का निर्माण किया था, जहां ग्रामवासी अपने सुख-दुख के कार्य संपन्न करते थे कालांतर में यह जीर्ण हो चुका है। इसके नवनिर्माण के लिए आप सभी की उपस्थिति में आज भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इसका उपयोग सभी अपने सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक कार्यों की पूर्ति के लिए कर सकेंगे। लोगों को मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य बृजेश केसरवानी एवं राघवेंद्र प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया और कहा कि- मठ मंदिर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन सदियों से करते आ रहा है उसी के तहत यह भी समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण कार्य है निश्चित ही इसके पूरा हो जाने से ग्राम वासियों को काफी सुविधा होगी। इस अवसर पर शिवरीनारायण मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य सुखराम दास एवं हेमंत दुबे, दूधाधारी मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य विजय पाली, राम छवि दास, तथा कमलेशसिंह, हर प्रसाद साहू, खगेश वैष्णव, पुरुषोत्तम पटेल, श्याम नवरतन, दामोदर साहू, सपूत साहू, लखन साहू, रतन साहू, पुरेंद्र सोनी, नील साहू, खगेश वर्मा, राजीव त्रिपाठी, अंकित दुबे, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक प्रतिष्ठित नगरीकरण सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की समाप्ति के पूर्व गांव के सरपंच एवं कोटवार सहित अन्य अतिथियों का शाल, श्रीफल से सम्मानित कर उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम से सभी ग्रामवासी काफी प्रफुल्लित हुए।

# श्रीकृष्ण को छोड़कर किसी अन्य से प्रेम करना दिखावा मात्र : राधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

मां चंडी के पावन धरा आदर्श ग्राम पंचायत खोरसी में घनश्याम पटेल के निवास चंदनम भवन में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर कथा व्यास पूज्या देवी दीदी राधे प्रिया ने कथा के मुख्य यजमान पारसनाथ पटेल श्रीमती संध्या पटेल घनश्याम पटेल श्रीमती गौरी देवी पटेल एवं उपस्थित थे।

इस अवसर पर कथा आचार्य द्वारा रुक्मणी विवाह पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विदर्भ प्रदेश में भिस्मक नाम के राजा हुआ करते थे उनके पांच पुत्र और एक पुत्री थी जिन्हें रुक्मणी के नाम से पुकारा जाता था। रुक्मणी एक लक्ष्मी के रूप में अवतार ली थी जो ईश्वर से प्रेम करने वालों थी एक दिन रुक्मणी को श्रीकृष्ण के यश और कीर्ति का पता चला उनके द्वारा किए गए कार्यों को जानकर रुक्मणी ने मन ही मन उससे विवाह करने का निश्चय किया और एक ब्राह्मण के माध्यम से उनके द्वारा लिखे गए पत्र को ब्राह्मण के हाथों से श्रीकृष्ण के पास अपना संदेश भिजवाया उसमें यह वर्णन किया गया था कि मेरे बड़े भाई रुक्मी ने मेरा विवाह अपने मित्र शिशुपाल से करना तय कर लिया है और अमुक तिथि को वह बारात लेकर मेरे घर



आने वाले हैं और मैं उनसे विवाह नहीं करना चाहती इसलिए मैं आपसे निवेदन करती हूं उस पत्र में वर्णित स्थान जहां मैं विवाह के पूर्व मां गौरी देवी की पूजा अर्चना करने के लिए जाऊंगी। कथा सुनने लेखनहार गायग्वाल, रामकुमार साहू, सुंदरलाल सोन,सनत कुमार निर्मलकर, अश्विनी कुमार साहू, बंधन धोबी, प्रदीप कुमार चौहान, मंगल राम कर्ष, पोख राम साहू, कौशल साहू, बसंत पटेल, फेकू पटेल एवं रक्त मावली मंदिर सेवा समिति के सदस्य गण जिनके द्वारा रक्त मावली मंदिर परिसर में आगामी वर्ष 2027 के चैत्र नवरात्रि में पूज्या देवी दीदी राधे प्रिया के मुखारविंद से देवी भागवत कथा का रसपान कराने संबंधी अनुमति प्रदान की गई।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश के लिए निकाली गई लॉटरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

स्वामी आत्मानंद विद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए मंगलवार 12 मई को लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में पालक एवं अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

लॉटरी से 57 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ। चयनित छात्र-छात्राओं को 17 मई तक कार्यालय में दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा। तय तारीख तक सत्यापन नहीं कराने पर सीट खाली मानी जाएगी। फिर अन्य लोगों को मौका दिया जाएगा। विद्यालय में कक्षा पहली से आठवीं तक प्रवेश के लिए कुल 296 आवेदन मिले थे। कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा होगी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम सुमित बघेल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बीईओ देवकांत द्विवेदी,एबीईओ श्रीमती



लाटरी निकालते स्कूल के स्टाफ।

स्वाति राठौर,बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस , एवं मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती गीता सिंह ने की।इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष नानक रोहरा सहित दिनेश दास मानिकपुरी, भविष्य चंद्राकर, मदन मोहन सिंह चंदेल एवं मोईत खान सहित अन्य सदस्य, पालकगण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।मंच संचालन पायल अग्रवाल एवं किरण कश्यप द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अभिभावक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

एसडी महाविद्यालय नवागढ़ में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में उमड़ रहे श्रद्धालु

# आत्मा का परमात्मा से मिलन का भाव है रासलीला: राजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

एसडी महाविद्यालय नवागढ़ में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पांचवें दिन आचार्य राजेंद्र महाराज ने दशम स्कंध के पूर्वार्ध में 29 में अध्याय से 33 वे। अध्याय तक जिसे रास पंच अध्यायी कहा गया है।

आचार्य द्वारा विस्तार से वर्णन करते हुए बताया गया कि हिंदी साहित्य में रसराज की उपाधि श्रृंगार रस को दिया गया है और श्रृंगार रस के देवता साक्षात भगवान श्री कृष्णा है। शरद ऋतु की पूर्णिमा की रात्रि आने पर श्री कृष्ण ने गोपियों के साथ महारास लीला किया। रस रूप श्री कृष्ण ही है रासलीला देह की लीला




नहीं बल्कि ,। आत्मा का परमात्मा से मिलन का तादात्म्य भाव है। और रासलीला केवल गोपियों का ही विषय है । गोपी भाव होने पर ही रस को समझा जा सकता है। रस लीला में भगवान श्री कृष्ण ने योग माया का आश्रय लिया था जिसके परिणाम स्वरूप जितनी गोपिया थी उतने ही कृष्ण भी वहां पर रस में नृत्य कर रहे थे किंतु इन गोपियों को केवल एक ही कृष्णा और वह भी अपने पास दिख रहे थे। गोपियों के अहंकार भाव के कारण ही श्री कृष्णा इन गोपियों का परित्याग कर अदृश्य हो गए थे । और गोपियों कृष्णा विरह की अग्नि में जलने लगी अपने अहंकार को त्याग कर क्षमा मांगने लगे कृष्ण को खोजने भड़कने लगी। रास मंडल में श्री कृष्णा के प्रकट होने पर गोपियों को दिव्य आनंद प्राप्त हुआ। आचार्य राजेंद्र ने बताया कि श्री कृष्णा लीला पुरुषोत्तम कहलाते हैं वह जगतगुरु भी हैं और एक क्रांतिकारी देवता है जिन्होंने जल को प्रदूषण मुक्त करने तथा ताल वन के फल को देनुकासुर। दानव से मुक्त करने के साथ ही भौमासुर से थल अर्थात धरती को मुक्त करने का संकल्प लिए थे और मुक्त कर अपना संकल्प भी पूरा किया। यज्ञ के आयोजन श्रीमती वर्षा आनंद पांडे ने कथा श्रवण करने की अपील की है।

### नगर के विभिन्न स्थानों में हाई मास्ट लाइट एवं सीसीटीवी लगाने सौरभ ने जेएसडब्ल्यू को लिखा पत्र



**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने के जेएसडब्ल्यू एमपीसीएल केमहाप्रबंधक को पत्र लिखकर अकलतरा नगर के प्रमुख चौकों में हाई मास्ट लाइट एवं सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की मांग की है। जारी पत्र में उन्होंने नगर के शास्त्री चौक, अंबेडकर चौक एवं महाराणा प्रताप चौक में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा निगरानी व्यवस्था के अभाव की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिकों एवं वाहनों का आवागमन होता है, जिसके कारण रात्रिकालीन सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आधुनिक सुविधाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने कंपनी से कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत उक्त चौकों में हाई मास्ट लाइट लगाने एवं 20 नग सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने की बात कही है। उनका कहना है कि इससे नगर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी तथा आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।पत्र में उन्होंने द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की सराहना करते हुए इस विषय पर सकारात्मक पहल की उम्मीद जताई है।

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त




# भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे रणवीर...

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपनी फिल्मों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। वह एक प्रसिद्ध लेखक की शिव त्रयी (मेलुहा के अमर श्रृंखला) पर बनी फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर भगवान शिव का किरदार निभाएंगे रणवीर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी मां कसम फिल्म्स के जरिए 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के अधिकार खरीद लिए हैं। यह किताब और इसके दो सीक्वल प्राचीन मेलुहा राज्य में एक हिमालयी योद्धा की कहानी बताते हैं। रणवीर ने बिरला स्टूडियोज के साथ मिलकर इस कहानी को तीन बड़ी फिल्मों की श्रृंखला (त्रयी) के रूप में बनाने की योजना बनाई है। रणवीर काफी समय से इसकी कहानी को बड़े पर्दे पर लाना चाहते थे।

लाइफ Style



# प्रियंका

## मीरा की फिल्म अमरी में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रसिद्ध निर्देशक और निर्माता मीरा नायर अपनी नई फिल्म 'अमरी' लेकर आ रही हैं। यह फिल्म भारत की मशहूर पेंटर के जीवन और उनकी कला पर आधारित है। डॉक्यूमेंट्री फिल्मों से अपने निर्देशन कॅरियर की शुरुआत करने वाली मीरा नायर अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं।

इस फिल्म का नाम है 'अमरी'। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और जयदीप अहलावत के अलावा भी कई कलाकाल महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। मीरा नायर की नई फिल्म 'अमरी' में मुख्य भूमिका में अंजलि शिवरामन अमृता शेर-गिल का किरदार निभाएंगी। एमिली वॉटसन उनकी मां मैरी-एंटोनेट का रोल करेंगी। जयदीप अहलावत उनके पिता उमराव सिंह शेर-गिल के किरदार में नजर आएंगे। क्रिस्टियन साकवारी विक्टर ईगन के रूप में नजर आएंगी। अंजना वासन इंदिरा शेर-गिल के रूप में और जिम सरभ कार्ल खंडालावाला के रूप में नजर आएंगे। इन सभी के अलावा प्रियंका चोपड़ा मैडम अजूरी के रोल में नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं। मंगलवार को मीरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी नई फिल्म 'अमरी' का पहला लुक जारी किया है। अमृता शेर-गिल की कला ने मीरा नायर को बहुत प्रभावित किया है। एएनआई के अनुसार मीरा ने कहा, ''अमरी' अमृता शेर-गिल की कला से प्रेरित है। उन्होंने यूरोप में अच्छी ट्रेनिंग ली और फिर भारत की आत्मा को अपनी पेंटिंग में उतारा। उनके रंगों की हिम्मत और आम लोगों को चित्रित करने का तरीका मुझे हमेशा प्रभावित करता रहा है।'

हॉलीवुड मसाला




# वन लाइफ... से मिली पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** 'वन लाइफ टू लिव' और 'हाउ टू सरवाइव अ मैरिज' जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री जेनिफर हरमन का निधन हो गया है। जेनिफर ने 82 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। जेनिफर हरमन लोकप्रिय टीवी शो 'वन लाइफ टू लिव' में 'कैथी' का किरदार निभाने के लिए जानी जाती थीं। वह इस भूमिका को निभाने वाली पांचवीं अभिनेत्री थीं। उन्होंने 1976 से 1978 तक यह रोल किया और इसके लिए डे-टाइम एमी अवॉर्ड के लिए नामांकन भी मिला था। इससे पहले उन्होंने 1974-75 में एनबीसी के शो 'हाउ टू सरवाइव ए मैरिज' में मुख्य भूमिका में नजर आई थीं।



# ब्रिटनी को हुई एक दिन की जेल, कबूला जुर्म

**लॉस एंजिल्स।** प्रिंसेस ऑफ पॉप कही जाने वाली अमेरिकन सिंगर-परफॉर्मर ब्रिटनी स्पीयर्स एक कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। ब्रिटनी ने साउथ कैलिफोर्निया में शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले से जुड़े कम गंभीर आरोप में अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद सिंगर को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन के जेल की सजा सुनाई गई है।ब्रिटनी स्पीयर्स ने अपने वकील माइकल ए गोल्डस्टीन के जरिए वेंचुरा काउंटी सुपीरियर कोर्ट में अपना जुर्म कबूल किया। स्पीयर्स सुनवाई में मौजूद नहीं थीं, उनके वकील ने उनका प्रतिनिधित्व किया। इसके बाद वेंचुरा काउंटी कमिश्नर मैथ्यू नेमरसन ने ब्रिटनी स्पीयर्स को 12 महीने का प्रोबेशन और एक दिन की जेल की सजा सुनाई। उन्हें जरूरी जुर्माना भरने, राज्य द्वारा निर्धारित तीन महीने के ड्राइविंग अंडर इन्फ्लुएंस एजुकेशन प्रोग्राम को पूरा करने का भी आदेश दिया।



# महाकालेश्वर पहुंचीं तमन्ना आरती में दिखीं लीन


**मुंबई।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मंगलवार को महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं। उन्होंने उज्जैन के महाकालेश्वर में भस्म आरती में भाग लिया और प्रार्थना की। इस दौरान तमन्ना पूरी तरह से महाकाल की भक्ति में लीन नजर आईं। दर्शन करने के बाद उन्होंने अपने अनुभव को भावपूर्ण और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर बताया। उन्होंने कहा, 'इस स्थान पर तभी जाया जा सकता है, जब खुद महाकाल का बुलावा आता है। सभी के साथ बैठकर भस्म आरती देखने का मौका मिलना अपने आप में एक खास अनुभव है। यह एक ऐसा एहसास जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकती। यहां आकर मन को शांति मिलती है और अंदर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। यहां एक ऐसी ऊर्जा है, जिसे सबके साथ बैठकर महसूस करना वाकई आनंदित करता है। यहां आना मेरा सौभाग्य है।'



# वकील की भूमिका में होंगी सोनाक्षी...

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा एक कोर्टरूम ड्रामा के साथ वापसी कर रही हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर मंगलवार जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में सोनाक्षी एक वकील की भूमिका में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर सत्ता, महत्वाकांक्षा और न्याय के टकराव की एक रोमांचक कानूनी लड़ाई की झलक दिखाता है। सिस्टम 22 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। 2 मिनट के इस ट्रेलर की शुरुआत सोनाक्षी के किरदार नेहा से होती है। नेहा एक दृढ़ निश्चयी युवा वकील है और अपने पिता की लॉ फर्म में पार्टनर बनने के लिए खुद को योग्य साबित करने की कोशिश कर रही है। इसके लिए पिता (आशुतोष गोवारिकर) उसे एक कठिन केस लेने की चुनौती देते हैं। अपनी लड़ाई को मजबूत करने के लिए, नेहा सारिका (ज्योतिका) को अपने साथ लाती है।

टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी में स्टंट करने में मेरी हालत होगी खराब...

**नई दिल्ली।** टीवी पर हमेशा हंसते, दूसरों को सहज महसूस कराते और हर मुश्किल पल को मजाक में बदल देने वाले ऋत्विक धनजानी इस बार खुद डर के बीच फंसे नजर आएंगे। दरअसल, ऋत्विक 'खतरों के खिलाड़ी 15' में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने जा रहे हैं। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' में जाने से पहले ऋत्विक किसी माचो इमेज में फिट होने की कोशिश नहीं कर रहे। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर मैं डरूंगा, तो वो दिखेगा भी। ऋत्विक ने अपने गेम प्लान, डर, स्टंट और मेडिटेशन के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें आज भी ऊंचाई से डर लगता है। उन्होंने कहा, 'हाइट्स हमेशा से मेरे लिए थोड़ा ट्रिगर रही हैं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कैमरे के सामने ये दिखाएं कि मुझे किसी चीज से फर्क नहीं पड़ता। अगर डर है तो है। मैं उसे छिपाने वाला नहीं। मुझे लगता है लोग आज बहुत जल्दी नकली चीज पकड़ लेते हैं। इसलिए, मैं यहां कोई सुपरहीरो बनने नहीं आया हूं। मैं बस रियल रहना चाहता हूं। अगर किसी स्टंट में मेरी हालत खराब होगी, तो होगी। अगर मैं पैनिक करूंगा, तो वो भी दिखेगा।'जब उनसे पूछा गया कि क्या वो इस शो के जरिए अपनी कोई इमेज बदलना या तोड़ना चाहते हैं? इस पर एक्टर ने कहा, 'मैं कोई इमेज नहीं तोड़ना चाहता, क्योंकि सच कहूं तो मैंने कभी खुद को किसी इमेज में बांधा ही नहीं। लेकिन हां, लोग मुझे हमेशा हंसते हुए देखते हैं, मजाक करते हुए देखते हैं।

## अमीरों की चकाचौंध भरी जिंदगी में तांक-झांक!

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की चर्चित जोड़ी करण कुंद्र और तेजस्वी प्रकाश काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इस चर्चित जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं। हाल ही में इन्हें 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' में देखा गया था। अब ये दोनों दुबई पहुंचे हैं।



वे यहां बड़े-बड़े लोगों की जिंदगी से जुड़ी चीजों को करीब से देख रहे हैं। ऐसा वे अपने नए रियलिटी शो 'देसी ब्लिंग' के कारण कर रहे हैं, जिसका मंगलवार को ट्रेलर रिलीज हुआ है। 'देसी ब्लिंग' एक रियलिटी शो है, जो नेटफ्लिक्स पर आएगा। आज सोमवार को ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म ने इसका ट्रेलर जारी किया है। इस शो में दरअसल, दुबई में रहने वाले अमीर भारतीयों को दिखाया जाएगा। उनकी लाइफस्टाइल, विचार और तौर-तरीके ट्रेलर के साथ ही इस शो की रिलीज डेट का भी पता चल गया है। इसका प्रीमियर 20 मई से नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने ट्रेलर जारी करते हुए लिखा है, 'बुर्ज खलीफा जितने बड़े ड्रामा के लिए खुद को तैयार रखें।

# कान फिल्म फेस्टिवल में छाईं आलिया सामने आई पहली झलक ...

**लॉस एंजिल्स।** कान फिल्म फेस्टिवल का आगाज मंगलवार को ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में दुनियाभर की सिनेमा और फैशन जगत की चर्चित हस्तियां शामिल होती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट भी यहां पहुंची हैं। कान फेस्टिवल से उनका एक लुक सामने आया है। आलिया भट्ट ने लाइट ग्रीन कलर का फ्लोरल कौर्सेट कैरी किया है, जो व्हाइट बॉलगाउन स्कर्ट सरीखा लग रहा है। आलिया का यह लुक बेहद रिफ्रेशिंग और स्टाइलिश है। एक्ट्रेस ने ग्लोबल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वे ग्लैमरस लुक में इतनी सहज और प्यारी लग रही हैं कि देखने वाले लोग तारीफें कर रहे हैं।आलिया ने व्हाइट बेस पर येलो, ग्रीन और ब्लू शेड वाले इस फ्लोरल लुक गाउन के साथ अपने हेयर स्टाइल को भी बेहद खास रखा है। उन्होंने हाईबन बनाया है। आलिया ने अपना लुक बेहद सिंपल रखा है। न उन्होंने गले में नेकलेस पहना है न कलाई पर कोई ब्रेसलेट या घड़ी। इसके बावजूद अपने दमदार अंदाज से उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा है। आलिया भट्ट का कान फेस्टिवल का यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और नेटिजंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक्ट्रेस को सकारात्मक रिएक्शंस मिल रहे हैं। यूजर्स उन्हें डिज्नी प्रिंसेस बुला रहे हैं।



### ये भारतीय स्टार्स आएंगे नजर

इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आने वाले भारतीय सितारों में आलिया भट्ट और तारा सुतारिया के अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, मौनी रॉय और करण जौहर के भी इस फेस्टिवल में पहुंचने की संभावनाएं हैं। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को 65वें कान क्रिटिक्स वीक के जूरी का अध्यक्ष भी बनाया गया है।

# लकड़बग्घा-2 की होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक अंशुमन झा की फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' इस साल 79वें कान फिल्म फेस्टिवल के मार्चे दु फिल्म में स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए तैयार है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2' साल के आखिर में रिलीज से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होने की तैयारी कर रही है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी। 'लकड़बग्घा 2' भारत और इंडोनेशिया के बीच पहला आधिकारिक सह-निर्माण (को-प्रोडक्शन) है। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमन झा ने किया है। फिल्म में सनी पैंग, डैन चुपोंग, आदिल हुसैन, सारा-जेन डायस और अंशुमन झा ने भी अभिनय किया है। अंशुमन झा ने बताया, 'पहली फिल्म कुत्तों के प्यार पर आधारित थी। दूसरी फिल्म 'द मंकी बिजनेस' इसे बढ़ाकर सभी जानवरों तक ले जाती है।



जानवर इसलिए खत्म हो रहे हैं क्योंकि इंसानियत खत्म हो रही है। हम एक्शन को सिर्फ मार-पीट तक नहीं रखना चाहते, बल्कि इसमें गहराई और मकसद भी देना चाहते हैं।' अंशुमन झा की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म, जो 2023 की फिल्म का सीक्वल है, दिवाली 2026 पर नितेश तिवारी की 'रामायण भाग 1' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा।

# बॉम्बे स्टोरीज भी होगी प्रदर्शित

*मुंबई। कान फिल्म फेस्टिवल में मौनी रॉय शिरकत करने के लिए तैयार हैं। उनकी इंडो-अमेरिकन फिल्म 'बॉम्बे स्टोरीज' को समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा। शाह काजमी द्वारा निर्देशित यह फिल्म सआदत हसन मंटो के उपन्यास पर 'बॉम्बे स्टोरीज' पर आधारित है। निर्देशक काजमी ने इस साल मार्चे डू फिल्म में फिल्म की स्क्रीनिंग की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'इसे कान्स फिल्म मार्केट में प्रदर्शित किया जाएगा। 19 मई को कान्स से और ज्यादा जानकारी जारी की जाएगी। हम पोस्टर लॉन्च भी कर रहे हैं। यह एक सशक्त महिला-केंद्रित फिल्म है जिसमें एक संदेश है। यह भारतीय उपमहाद्वीप के महानतम लेखकों में से एक द्वारा लिखित एक संकलन पर आधारित है।'निर्देशक ने कहा, "मेरी यात्रा 2016 में कान्स से शुरू हुई। जब हम मंटो की विभाजन संबंधी कहानियों पर आधारित फिल्म 'मंटोस्तान' (2017) बना रहे थे, तब मुझे इस फिल्म समारोह के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। सौभाग्य से, हमें कान्स में जगह मिली और इस मंच ने हमें काफी पहचान दिलाई है।" फिल्म में मौनी के अलावा, अनुप्रिया गोयनका और सुष्मिता सिंह भी अहम किरदार में हैं। इसकी कहानी शहर की सेक्स वर्करों की जिंदगी पर आधारित है।*

## दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और मेकर्स ने बनाई है अपनी अलग पहचान

# कान फिल्म फेस्टिवल में भारत का जलवा, रेड कार्पेट से अवॉर्ड तक का शानदार सफर

*नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में गिने जाने वाले कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का सफर बेहद खास रहा है। दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और फिल्ममेकर्स ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अलग पहचान बनाई है। कभी फिल्मों ने यहां तालियां बटोरीं, तो कभी भारतीय सितारों का रेड कार्पेट लुक चर्चा में रहा।*

### नीचा नगर बनी पहली भारतीय फिल्म




भारत ने पहली बार साल 1946 में कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था। नीचा नगर पहली भारतीय फिल्म थी, जिसने कान में बड़ी सफलता हासिल की। फिल्म को उस समय फेस्टिवल का सबसे बड़ा सम्मान पाम डी ओर (तब ग्रैंड प्रिक्स) मिला था। यह भारतीय सिनेमा के लिए गर्व का पल था।

### सत्यजीत रे ने बढ़ाया भारत का मान



इसके बाद धीरे-धीरे भारतीय फिल्मों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी मजबूत करनी शुरू की। सत्यजीत रे की फिल्मों ने कान में भारत का नाम रोशन किया। उनकी कई फिल्मों को वहां सराहा गया और दुनियाभर के दर्शकों ने भारतीय कहानी कहने के अंदाज को पसंद किया।

### सलाम बॉम्बे ने बटोरी तारीफें

साल 1988 में 'सलाम बॉम्बे' ने कान में खूब तारीफें बटोरीं और कैमरा डी'ऑर अवॉर्ड जीता। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को नई पहचान दिलाई। वहीं , मीरा नायरभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गईं।



### भारतीय सितारों ने खींचा सबका ध्यान

कान फिल्म फेस्टिवल में सिर्फ फिल्में ही नहीं, भारतीय सितारों का फैशन और ग्लैमर भी हमेशा चर्चा में रहता है। ऐश्वर्या राय बच्चन, दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर और प्रियंका चोपड़ा जैसे सितारों ने रेड कार्पेट पर अपने शानदार अंदाज से दुनियाभर का ध्यान खींचा।

### जब भारत को कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया

साल 2022 भारत के लिए और भी खास रहा, जब भारत को कान फिल्म फेस्टिवल में कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया। उसी साल दीपिका पादुकोण को जूरी सदस्य बनने का मौका मिला, जो भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी उपलब्धि मानी गई।

### ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों का शानदार प्रदर्शन

हाल के वर्षों में ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों ने भी कान में शानदार प्रदर्शन किया और साबित किया कि भारतीय सिनेमा अब सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी कहानियां दुनियाभर के दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं। आज कान फिल्म फेस्टिवल भारतीय सिनेमा के लिए सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि दुनिया के सामने अपनी कला, संस्कृति और कहानियों को दिखाने का सबसे बड़ा अवसर बन चुका है।

## खबर संक्षेप

### जयांश को कक्षा 10वीं में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर किया गया सम्मानित



**चांपा।** लोहार पारा चांपा निवासी जयांश सोनी पिता कमल किशोर सोनी मां जयश्री सोनी ने सीजी बोर्ड की कक्षा 10वीं की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर शाला सहित मां पिताजी का नाम रोशन किया है जयांश सोनी आत्मानंद विद्यालय चांपा के विद्यार्थी थे। जयांश सोनी के द्वारा उच्च अंक प्राप्त करने पर छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ द्वारा उन्हें प्रतिभा अलंकरण सम्मान 2026 प्रदान कर सम्मानित किया गया है जिस पर शाला परिवार सहित नगर में हर्ष व्याप्त हैं।

### सहायक ग्रेड 3 एवं भृत्य पदों की अंतिम पात्रता-अपात्रता सूची

**सक्ती।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सहायक ग्रेड 3 तृतीय श्रेणी (लिपिकीय) (अराजपत्रित) पद (अ.ज.जा. एवं अ.जा. संवर्ग) एवं भृत्य पद (अ.ज.जा. संवर्ग) के लिए 2 मार्च को 5 बजे तक पंजीकृत डाक व स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किये जाने की सूचना प्रकाशित की गई थी। निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत सहायक ग्रेड 03 तृतीय श्रेणी (लिपिकीय) (अराजपत्रित) पद (अ.ज.जा. एवं अ.जा. संवर्ग) एवं भृत्य पद (अ.ज.जा. संवर्ग) की अनंतिम पात्रता एवं अपात्रता सूची प्रकाशित की जा रही है। यदि किसी अभ्यर्थी को प्रकाशित अनंतिम पात्रता व अपात्रता सूची में किसी प्रकार की आपत्ति है, तो वह 25 मई सायं 05:30 बजे तक "कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, रीपा भवन, लवसरा रोड, जिला सक्ती" में स्वयं उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि दावा-आपत्ति पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट अथवा अन्य किसी माध्यम से स्वीकार नहीं की जायेगी।

### मनरेगा से मिला सहारा, पशुपालन को मिली नई दिशा

**जांजगीर-चांपा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत ग्रामीण हितग्राहियों की आजीविका सुदृढ़ करने हेतु जिले में लगातार उपयोगी कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम धुरकोट में हितग्राही श्रीमती तुलसाबाई पति रामशंकर के लिए मवेशी शेड निर्माण कार्य कराया गया, जिससे उनके पशुपालन कार्य को नई मजबूती मिली है। श्रीमती तुलसाबाई ने बताया कि पहले पशुओं को रखने के लिए उचित व्यवस्था नहीं थी, लेकिन अब शेड बनने से काफी राहत मिली है। पशुओं से प्राप्त गोबर का उपयोग जैविक खाद बनाने में किया जा रहा है।

### भोजन, सुरक्षा एवं पेयजल व्यवस्था को लेकर बंदियों से की चर्चा

# मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने नवीन उपजेल सक्ती का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं उनकी टीम द्वारा नवीन उपजेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। इस बीच भोजन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को लेकर बंदियों से चर्चा की। साथ ही साथ व्यवस्था को लेकर जेल प्रबंधन को निर्देशित किया गया।

ज्ञात हो कि बुधवार 13 मई को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा जयदीप गर्ग के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार सुश्री शुभदा गोयल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सक्ती एवं मनोज कुमार कुशवाहा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर द्वारा नवीन उपजेल सक्ती का निरीक्षण कर जेल समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान बंदियों हेतु उपलब्ध कराई जा रही भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था एवं विधिक सहायता संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा जेल परिसर के विभिन्न बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों से चर्चा की गई तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत एवं उनके विधिक अधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि बंदियों को शासन द्वारा निर्धारित सभी आवश्यक सुविधाएं समय-समय पर उपलब्ध कराई जाएं एवं स्वच्छता तथा स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर नवीन उपजेल सक्ती में "मुलाकात विधिक सहायता हेल्प डेस्क की शुरुआत भी की गई। हेल्प डेस्क के माध्यम से बंदियों एवं उनके परिजनों को निःशुल्क विधिक सहायता, न्यायालयीन प्रक्रियाओं एवं विधिक अधिकारों संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। जिससे जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर विधिक सहायता उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान सहायक जेल अधीक्षक विजय पटेल, एवं समस्त जेल स्टाफ एवं कोर्ट स्टाफ प्रेम पटेल, पैरालीगल वॉलिंटियर्स जयराम गढ़ेवाल, मनीष साहू, प्रहलाद हलाद बंजारे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।



बंदियों से चर्चा करते मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट।

# कौड़ी काम का नहीं जल जीवन मिशन की पानी टंकी, पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामवासी

## प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी बनी हुई है समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

केंद्र सरकार द्वारा हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन योजना संचालित की जा रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीण महिलाओं को दूर से पानी ढोने की समस्या से मुक्ति मिल सके।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत देवरी में भी जल जीवन मिशन के तहत गांव में पाइपलाइन बिछाकर सभी के घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाया गया है। गांव में दो-दो पानी टंकियों का निर्माण भी किया गया है, लेकिन इसके बावजूद भाटापारा मोहल्ले के रहवासीयों को पानी टंकी से उनके घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है, मोहल्ले वासियों का कहना है कि कई वर्षों से उन्हें नियमित रूप से नल के माध्यम से पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह है कि भाटापारा मोहल्ले की महिलाओं को आज भी हैंडपंप और सिंटेक्स के भरोसे रहना पड़ रहा है। रोजमर्रा की जरूरतों के लिए उन्हें दूर की हैंडपंप और सिंटेक्स से पानी लाकर घरों तक पहुंचाना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी के दिनों में यह समस्या और बढ़ जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि हर पंचवर्षीय में जनप्रतिनिधि बदलते रहे, लेकिन इस मोहल्ले में जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए गंभीर पहल नहीं की गई। कई बार शिकायत और मांग के बाद भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि भाटापारा मोहल्ले में जल जीवन मिशन के तहत नियमित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को शुद्ध पानी मिल सके और महिलाओं को पानी ढोने की परेशानी से राहत मिल सके।


गांव में बनी पानी टंकी।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्रों का वितरण 10 से 31 मई तक विद्यालयों में निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं।




# हनुमानधारा में 2.98 करोड़ की लागत से विकसित होगा धार्मिक व पर्यटन स्थल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत स्थित हनुमान धारा में बहुप्रतीक्षित सौंदर्यीकरण कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव एवं पार्षदों की उपस्थिति में विधिवत संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने बताया कि हनुमान धारा के सौंदर्यीकरण की मांग लंबे समय से नगरवासियों द्वारा की जा रही थी। नागरिकों की इस भावना को देखते हुए प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी से सौंदर्यीकरण हेतु राशि स्वीकृति का आग्रह किया गया था। कार्य की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी मंत्री द्वारा कलेक्टर को आवश्यक निर्देश दिए गए, जिसके पश्चात सीएसआर मद से कुल 2 करोड़ 98 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।स्वीकृत राशि से हनुमान धारा परिसर में बाउंड्री वॉल, आकर्षक पाथवे, गार्डनिंग, बच्चों के लिए झूले, चबूतरा, फव्वारा, आधुनिक लाइटिंग व्यवस्था, कैंटीन सहित अन्य सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इससे यह स्थल धार्मिक आस्था के साथ-साथ नगर के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में भी विकसित होगा।भूमि पूजन कार्यक्रम में पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस कार्य को नगर के सौंदर्यीकरण और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



